पीएमश्री स्कूलों के लिए बूटकैंप का आयोजन

पटना. चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में पीएम श्री स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों के लिए बुधवार को इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता (आइडीइ) बूटकैंप आयोजित किया. शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, एआइसीटीइ और वाधवानी फाउंडेशन द्वारा आयोजि[त] इस दो दिवसीय बूटकैंप का मुख्य उद्देश्य बिहार के 90 पीएम श्री स्कूलों से आये 90 छात्रों और 90 शिक्षकों के बीच नवाचार, डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता को बढ़ावा देना है. इस बूटकैंप का उद्घाटन बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय पटना के कुलपति प्रो एसके वर्मा ने किया. अन्य प्रमुख अतिथियों में मदन मोहन शरण सिंह, प्रबंधक (आइपी और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर), शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल एआइसीटीइ, भारत सरकार के सुनील कुमार आदि शामिल थे.

Prabhat Khabar ! Page.No-04
Dated:12-09-2024

सीआइएमपी में पीएम श्री स्कूलों के लिए बूटकैंप का आयोजन

पटना (आससे)। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में पीएम श्री स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों के लिए बुधवार को इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता (आइडीइ) बूटकैंप आयोजित किया। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, एआइसीटीइ और वाधवानी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय बूटकैंप का मुख्य उद्देश्य बिहार के 90 पीएम श्री स्कूलों से आये 90 छात्रों और 90 शिक्षकों के बीच नवाचार, डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता को बढ़ावा देना है। इस बूटकैंप का उद्घाटन बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय पटना के कुलपति प्रो एसके वर्मा ने किया। अन्य प्रमुख अतिथियों में मदन मोहन शरण सिंह, प्रबंधक (आइपी और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर), शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल एआइसीटीइ, भारत सरकार के सुनील कुमार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी (एसएनओ पीएम श्री, बिहार), बिहार शिक्षा परियोजना परिषद (बीइपीसी), पटना, सीआइएमपी के निदेशक प्रो राणा सिंह, गौरी गोपीनाथ, कुमोद कुमार शामिल थे। मुख्य अतिथि प्रो वर्मा ने छात्रों को उद्यमिता, बौद्धिक संपदा अधिकार और पेटेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवोन्मेषक अलग काम नहीं करते, बल्कि काम को अलग तरीके से करते हैं। नये विचार कहीं से भी आ सकते हैं, लेकिन इसके लिए खुली सोच और दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत होती है।

AAJ ! Page.No-06 ! Dated:12-09-2024

बौद्धिक संपदा अधिकार व पेटेंट की दी गई जानकारी

पटना (एसएनबी)। चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआईएमपी) ने पीएम श्री स्कूलों के छात्रों और शिक्षकों के लिए आयोजित इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता (आईडीई) बूटकैम्प के पहले दिन का सफल आयोजन किया।

शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, एआईसीटीई और वाधवानी फाउंडेशन द्वारा आयोजित इस दो दिवसीय बूटकैम्प का मुख्य उद्देश्य बिहार के 90 पीएम श्री स्कूलों से आए 90 छात्रों और 90 शिक्षकों के बीच नवाचार, डिजाइन थिंकिंग और उद्यमिता को बढ़ावा देना है।

■ सीआईएमपी में पीएम श्री स्कूलों के लिए इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता बूटकैम्प का पहला दिन

इस बूटकैम्प का उद्घाटन बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो सुनील कांत वर्मा के मुख्य अतिथित्व में हुआ। अन्य प्रमुख अतिथियों में मदन मोहन शरण सिंह, प्रबंधक (आईपी और टेक्नोलॉजी ट्रांसफर), शिक्षा मंत्रालय इनोवेशन सेल, एआईसीटीई, भारत सरकारय सुनील कुमार, सहायक कार्यक्रम अधिकारी (एसएनओ पीएम श्री, बिहार), बिहार शिक्षा परियोजना परिषद के प्रो राणा सिंह, सीआईएमपी के निदेशक गौरी गोपीनाथ, वाधवानी फाउंडेशन की विशेषज्ञय और कुमोद कुमार, सीआईएमपी के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी और सीआईएमपी-बीआईआईएफ के सीईओ, शामिल थे।

प्रो. वर्मा ने छात्रों से नवाचार का अर्थ समझाते हुए बताया कि नवाचार का असली मतलब क्या है। उन्होंने छात्रों को उद्यमिता, बौद्धिक संपदा अधिकार और पेटेंट जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर भी जानकारी दी। उन्होंने कहा, नवोन्मेषक अलग काम नहीं करते, बल्कि काम को अलग तरीके से करते हैं। नए विचार कहीं से भी आ सकते हैं, लेकिन इसके लिए खुली सोच और ष्टिकोण में बदलाव की जरूरत होती है।

सुनील कुमार ने छात्रों को बताया कि 38 जिलों के 531 पीएम श्री स्कूलों में से केवल 90 स्कूलों को इस बूटकैम्प के लिए चुना गया है। उन्होंने कहा कि छात्रों को इस अवसर का पूरा लाभ उठाना चाहिए। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि बिहार के पीएम श्री स्कूलों की आधारभूत संरचना, उपकरण और कंप्यूटर लैब्स को उन्नत बनाने के लिए 1,100 करोड़ रुपये का बजट तैयार किया गया है।

इनोवेशन और डिजाइन थिंकिंग और फाइंड योर फ्लो : अपने उद्यमशील कौशल को खोजें जैसे सत्र शामिल थे, जो वाधवानी फाउंडेशन की विशेषज्ञ गौरी गोपीनाथ द्वारा आयोजित किए गए।

शिक्षकों के लिए इंस्पायर्ड टू स्टार्ट : नवाचार में अगली पीढ़ी का मार्गदर्शन नामक सत्र आयोजित किया गया, जिसमें उन्हें छात्रों का सही मार्गदर्शन करने के लिए आवश्यक तकनीकों और उपकरणों की जानकारी दी गई।

Rashtriya Sahara ! Page.NO-04
Dated:12-09-2024

छात्रों–शिक्षकों के लिए बूटकैंप का आयोजन

जासं, पटना : चंद्रगुप्त प्रबंधन संस्थान पटना (सीआइएमपी) में बुधवार को पीएमश्री स्कूल के छात्रों और शिक्षकों के लिए इनोवेशन, डिजाइन और उद्यमिता (आइडीई) बूटकैंप का आयोजन किया गया। शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल, एआइसीटीई और वाधवानी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय कैंप में राज्य के 90 पीएमश्री स्कूलों के 90 छात्र व 90 शिक्षक शामिल हैं। मुख्य अतिथि बिहार इंजीनियरिंग विश्वविद्यालय, पटना के कुलपति प्रो. एसके वर्मा ने कैंप का शुभारंभ करते हुए कहा कि नवाचारी अलग काम नहीं करते, बल्कि काम को अलग तरीके से करते हैं। दृष्टिकोण में बदलाव की जरूरत होती है। अतिथियों का स्वागत निदेशक प्रो. राणा सिंह व धन्यावाद ज्ञापित कुमोद कुमार ने किया।

Dainik Jagran ! Page.No-5

Dated:12-09-2024